समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# “पाकिस्तानी बॉक्सर ने कहा- ‘मुझे नरेद्रं नाम से नफरत हो गई’, पीएम मोदी भी नहीं रोक पाए हंसी ; भारतीय बॉक्सर नरेदंर ने सुनाया मजेदार किस्सा”

Sanket Morankar
Published on 10 Aug 2026



भारतीय बॉक्सर **नरेंदर बरवाल** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान 2015 के वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाया। नरेंदर ने बताया कि उस प्रतियोगिता में उनका मुकाबला पाकिस्तान के एक बॉक्सर से हुआ था। मुकाबला जीतने के बाद दोनों खिलाड़ी इलाज के लिए अस्पताल भी गए।

इस दौरान पाकिस्तानी बॉक्सर ने नरेंदर से ऐसी बात कही, जिसे सुनकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। नरेंदर ने जब यह पूरा किस्सा पीएम मोदी को सुनाया तो प्रधानमंत्री भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

पाकिस्तान के बॉक्सर के खिलाफ था पहला मुकाबला

नरेंदर बरवाल ने बताया कि 2015 में वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स के दौरान उनका पहला मुकाबला पाकिस्तान के एक बॉक्सर से हुआ था। उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारतीय सैन्य अधिकारियों ने उन्हें मुकाबला नहीं हारने की सलाह दी थी।

नरेंदर के मुताबिक, उन्हें अधिकारियों की ओर से फोन भी आए थे और कहा गया था कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हारना नहीं है।

उन्होंने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले राउंड में उन्होंने **4-1** और दूसरे राउंड में **3-2** से बढ़त बनाई।

जीत के बाद दोनों को जाना पड़ा अस्पताल

मुकाबला जीतने के बावजूद दोनों खिलाड़ियों को चोटें आई थीं। दोनों के चेहरे पर कट लग गए थे, जिसके बाद उन्हें टांके लगवाने

के लिए अस्पताल जाना पड़ा।

नरेंदर ने बताया कि मुकाबले के बाद वह और पाकिस्तानी बॉक्सर एक साथ अस्पताल पहुंचे।

यहीं से इस कहानी का सबसे दिलचस्प हिस्सा शुरू हुआ।

पाकिस्तानी बॉक्सर ने कहा- 'मुझे नरेंद्र नाम से नफरत हो गई'

नरेंदर बरवाल ने पीएम मोदी को बताया कि उनके कोच का नाम भी **नरेद्रं राणा** था। पाकिस्तानी बॉक्सर ने इस बात पर गौर किया और कुछ देर सोचने के बाद नरेंदर से कहा कि वह उनसे कुछ कहना चाहता है।

इसके बाद उसने मजाकिया अंदाज में कहा कि उनका नाम नरेंदर है, उनके कोच का नाम भी नरेंद्र है और भारत के प्रधानमंत्री का नाम नरेंद्र है।

फिर उसने कहा कि उसे '**नरेद्रं' नाम से ही नफरत हो गई है।**

नरेंदर ने यह पूरा किस्सा पीएम मोदी को सुनाया। कहानी सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जोर से हंस पड़े।

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से की मुलाकात

कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने के बाद नरेंदर बरवाल समेत भारतीय खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर सम्मान किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई खिलाड़ियों से व्यक्तिगत बातचीत की और उनके प्रदर्शन की सराहना की। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए भारत की खेल यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए उनका उत्साह बढ़ाया।

कॉमनवेल्थ गेम्स में नरेंदर ने जीता सिल्वर मेडल

नरेंदर बरवाल ने हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स में **रजत पदक** हासिल किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने अपने पुराने मुकाबले का यह दिलचस्प किस्सा साझा किया।

भारत-पाकिस्तान के बीच खेल मुकाबले अक्सर दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण अतिरिक्त चर्चा में रहते हैं। हालांकि, नरेंदर द्वारा सुनाया गया यह किस्सा मुकाबले के बाद खिलाड़ियों के बीच बने एक हल्के-फुल्के पल को सामने लाता है।

भारतीय बॉक्सर **नरेदंर बरवाल** ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान 2015 वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स का मजेदार किस्सा साझा किया। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला जीतने के बाद दोनों बॉक्सर इलाज के लिए अस्पताल गए थे। इसी दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ी ने नरेंदर से कहा कि उनका नाम, उनके कोच का नाम और भारत के प्रधानमंत्री का नाम नरेंद्र है, इसलिए उसे इस नाम से नफरत हो गई है। नरेंदर की यह बात सुनकर **पीएम मोदी भी हंस पड़े**।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.